# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 03/09/2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा—चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की गति बनी हुई है।
- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत को जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर का नया कुलगुरु नियुक्त किया।
- प्रदेश में मानसून सक्रिय, नर्मदापुरम और छिंदवाड़ा में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट।
- प्रदेश में कल जन्माष्टमी पर 29 ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर श्रीकृष्ण पर्व के आयोजन होंगे।

प्रधानमंत्री बेल्जियम

भारत और बेल्जियम के बीच आज कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें रक्षा सहयोग पर आशय पत्र तथा नवीकरणीय ऊर्जा, साइबर अपराध सहित अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने और राजनयिक प्रशिक्षण के क्षेत्रों में समझौता ज्ञापन शामिल हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर से आज नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने परस्पर संबंधों के संपूर्ण आयाम तथा आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने इस चुनौतीपूर्ण माहौल में भी अपनी गति बनाए रखी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और बेल्जियम, दोनों ही कानून का शासन, बातचीत और कूटनीति में विश्वास रखते हैं।

मुख्यमंत्री- गुजरात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज गुजरात के द्वारका पहुंचकर भगवान श्री द्वारकाधीश के दर्शन और पूजन किए। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की

कामना की। मुख्यमंत्री ने जन्माष्टमी के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं भी दीं। मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है। उज्जैन में श्री महाकाल लोक के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या करीब 20 गुना बढ़ी है और अब 10 करोड़ से अधिक तीर्थ यात्री उज्जैन पहुंच रहे हैं।

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मुंबई में लखपति दीदियों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने महिलाओं से बैंक लोन लेने में आ रही परेशानियों की जानकारी ली। महिलाओं ने लोन प्रक्रिया में देरी, कागजी कार्रवाई और पर्याप्त राशि नहीं मिलने जैसी समस्याएं बताईं। श्री चौहान ने कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए बैंकर्स के साथ मिलकर काम किया जाएगा और हेल्पलाइन भी शुरू की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि लखपति दीदियों के लिए किए गए कमिटमेंट्स समय-सीमा में पूरे हों यही हमारा लक्ष्य है।

कुलगुरु-नियुक्ति

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के समाजशास्त्र एवं सामाजिक विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत को जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर का नया कुलगुरु नियुक्त किया है। प्रो. राजपूत की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से चार वर्ष की अवधि अथवा 70 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, तक के लिए की गई है।

मुख्यमंत्री- सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल  सीहोर में एक निजी कंपनी की नई पॉवर ट्रांसफॉर्मर विनिर्माण इकाई के पहले ट्रांसफॉर्मर का रोल-आउट शुरू करेंगे। करीब 50 एकड़ में स्थापित यह देश की एक ही स्थान पर स्थित सबसे बड़ी पॉवर ट्रांसफॉर्मर विनिर्माण इकाई है। यहां 220 केवी से 1200 केवी तक के ट्रांसफॉर्मर बनाए जाएंगे और हर महीने 35 ट्रांसफॉर्मर तैयार करने की क्षमता होगी।इकाई से दो हजार से अधिक

प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सीहोर में बनने वाले ट्रांसफॉर्मर देश के साथ वैश्विक बाजारों में भी भेजे जाएंगे।

मौसम

प्रदेश में मानसून लगातार सक्रिय है । मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। नर्मदापुरम और छिंदवाड़ा में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट, जबकि छतरपुर, सागर, रायसेन, नरसिंहपुर, सिवनी और बैतूल में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबलपुर, डिंडौरी, मंडला, सतना, मैहर, कटनी, पांढुर्णा और बालाघाट समेत कई जिलों में भी भारी बारिश की संभावना है। लगातार बारिश के चलते बरगी बांध का जलस्तर बढ़ गया है। बांध के पांच गेट खोलकर 760 क्यूमेक पानी छोड़ा जा रहा है। इससे नर्मदा नदी का जलस्तर तीन से चार फीट तक बढ़ने की संभावना है। तटीय इलाकों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

जन्माष्टमी

प्रदेश में कल 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भक्तिभाव और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश के 29 ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर श्रीकृष्ण पर्व के आयोजन होंगे। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम और नारायणा धाम, धार के अमझेरा तथा रायसेन के जामगढ़ जैसे श्रीकृष्ण से जुड़े प्रमुख स्थलों पर विशेष कार्यक्रम होंगे। स्कूलों में मटकी, बांसुरी, श्रीकृष्ण की झांकी और भाषण प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही, प्रदेश की गोशालाओं में सफाई अभियान, गौ-पूजन और पशु स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएंगे। जबलपुर में श्री सनातन धर्म महासभा द्वारा कल दोपहर 12 बजे से भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। आगरमालवा में मुरली मनोहर मंदिर में 'श्रीकृष्ण पर्व' के अंतर्गत विशेष सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी। मुरैना में  संस्कृति विभाग और श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन किया जा रहा है।

पावर जनरेटिंग कंपनी

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने पहली बार ब्लैक स्टार्ट मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक की है। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारनी और इंदिरा सागर जल विद्युत परियोजना के संयुक्त अभ्यास में ब्लैकआउट के बाद बिजली व्यवस्था को फिर से शुरू करने की क्षमता का परीक्षण किया गया। अभ्यास के दौरान इंदिरा सागर जल विद्युत गृह से बिजली लेकर सतपुड़ा ताप विद्युत गृह की आपातकालीन स्टार्ट-अप क्षमता को परखा गया।

अवॉर्ड

नगरीय विकास और आवास विभाग द्वारा विकसित 'गरुड़' पोर्टल को जीआईएस आधारित नवाचार के लिए 'अचीवमेंट इन जीआईएस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में यह पुरस्कार नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने प्राप्त किया।'गरुड़' एक एकीकृत जीआईएस आधारित डेटा एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से नगरीय निकायों के शहरी और राजस्व संबंधी आंकड़ों का एक ही मंच पर विश्लेषण किया जाता है।

समाचार संक्षेप में:-

- भोपाल में साल की तीसरी नेशनल लोक अदालत 12 सितंबर को आयोजित होगी।
- मुरैना में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2026 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है।
- झाबुआ के शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में 2 सितंबर को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया।
- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल में ट्रेनों का लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम शुरु हो गया है। मध्यप्रदेश के शहडोल, अनूपपुर और उमरिया स्टेशन सहित 47 स्टेशनों पर यह सुविधा शुरु हो गई है

- पन्ना जिले में पिछले तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने सामान्य जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर स्कूलों में दो दिन का अवकाश घोषित कर दिया है।
- नर्मदापुरम जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।
- शिवपुरी जिले में त्योहारों को देखते हुए शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है।

..............................